यूथ कॉम्पिटीशन टाइम्स

# शिक्षक पात्रता परीक्षा

# UPTET/CTET

# कक्षा 1-5

# पर्यावरणीय अध्ययन

# प्रैक्टिस बुक

**प्रधान सम्पादक**

आनन्द कुमार महाजन

**लेखन सहयोग**

परीक्षा विशेषज्ञ समिति

**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**

बालकृष्ण त्रिपाठी एवं आशीष गिरि

**संपादकीय कार्यालय**

12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002

**मो. : 9415650134**

**Email : yctap12@gmail.com**

**www.yctbooks.com/ www.yctfastbooks.com**

**© All rights reserved with Publisher**

**प्रकाशन घोषणा**

प्रधान सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने लक्ष्मी नारायण प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन्स प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।

इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव एवं सहयोग सादर अपेक्षित है।

**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

**₹ 395/-**

# विषय-सूची


- प्रैक्टिस सेट-1 ........ 3-6
- प्रैक्टिस सेट-2 ........ 7-10
- प्रैक्टिस सेट-3 ........ 11-14
- प्रैक्टिस सेट-4 ........ 15-18
- प्रैक्टिस सेट-5 ........ 19-22
- प्रैक्टिस सेट-6 ........ 23-26
- प्रैक्टिस सेट-7 ........ 27-30
- प्रैक्टिस सेट-8 ........ 31-34
- प्रैक्टिस सेट-9 ........ 35-38
- प्रैक्टिस सेट-10 ........ 39-42
- प्रैक्टिस सेट-11 ........ 43-46
- प्रैक्टिस सेट-12 ........ 47-50
- प्रैक्टिस सेट-13 ........ 51-54
- प्रैक्टिस सेट-14 ........ 55-58
- प्रैक्टिस सेट-15 ........ 59-62
- प्रैक्टिस सेट-16 ........ 63-66
- प्रैक्टिस सेट-17 ........ 67-70
- प्रैक्टिस सेट-18 ........ 71-74
- प्रैक्टिस सेट-19 ........ 75-78
- प्रैक्टिस सेट-20 ........ 79-82
- प्रैक्टिस सेट-21 ........ 83-86
- प्रैक्टिस सेट-22 ........ 87-90
- प्रैक्टिस सेट-23 ........ 91-94
- प्रैक्टिस सेट-24 ........ 95-98
- प्रैक्टिस सेट-25 ........ 99-102
- प्रैक्टिस सेट-26 ........ 103--105
- प्रैक्टिस सेट-27 ........ 106-109
- प्रैक्टिस सेट-28 ........ 110-113
- प्रैक्टिस सेट-29 ........ 114-117
- प्रैक्टिस सेट-30 ........ 118-120
- प्रैक्टिस सेट-31 ........ 121-124
- प्रैक्टिस सेट-32 ........ 125-128
- प्रैक्टिस सेट-33 ........ 129-132
- प्रैक्टिस सेट-34 ........ 133-136
- प्रैक्टिस सेट-35 ........ 137-140
- प्रैक्टिस सेट-36 ........ 141-144
- प्रैक्टिस सेट-37 ........ 145-148
- प्रैक्टिस सेट-38 ........ 149-152
- प्रैक्टिस सेट-39 ........ 153-156
- प्रैक्टिस सेट-40 ........ 157-160
- प्रैक्टिस सेट-41 ........ 161-164
- प्रैक्टिस सेट-42 ........ 165-168
- प्रैक्टिस सेट-43 ........ 169-172
- प्रैक्टिस सेट-44 ........ 173-176
- प्रैक्टिस सेट-45 ........ 177-180
- प्रैक्टिस सेट-46 ........ 181-184
- प्रैक्टिस सेट-47 ........ 185-188
- प्रैक्टिस सेट-48 ........ 189-192
- प्रैक्टिस सेट-49 ........ 193-196
- प्रैक्टिस सेट-50 ........ 197-200

# PRACTICE SET - 1

1. **निम्नलिखित में से कौन–सा एक शीतोष्ण घास प्रदेश नहीं है?**
   (a) कम्पास (b) डाउन्स
   (c) प्रेयरीस (d) पम्पास
2. **किसी खाद्य शृंखला की प्रथम कड़ी सदैव हरे पादप होते हैं, क्योंकि-**
   (a) वे विस्तृत रूप से फैले होते है
   (b) वे मृदा से जुड़े होते है
   (c) वे सूर्य के प्रकाश में वायुमण्डलीय $CO_2$ को स्थिरीकृत करते है
   (d) उनमें जड़ें होती है
3. **प्रथम कृत्रिम उपग्रह का क्या नाम था?**
   (a) भास्कर (b) आर्यभट्ट
   (c) रोहिणी (d) एड्सेट।
4. **पृथ्वी तल के नीचे के पिघले हुए पत्थर को क्या कहा जाता है?**
   (a) बेसाल्ट (b) लेकोलिथ
   (c) लावा (d) मैग्मा
5. **महासागरों में निम्न में से कौन-सा लवण सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है?**
   (a) मैग्नीशियम सल्फेट
   (b) कैल्सियम सल्फेट
   (c) मैग्नीशियम क्लोराइड
   (d) सोडियम क्लोराइड
6. **भारत के किस क्षेत्र में अधिकतम भूस्खलन की घटनाएँ होती है?**
   (a) उत्तर-पूर्वी पहाड़
   (b) हिमालय
   (c) पश्चिमी घाट व नीलगिरी
   (d) उत्तरी घाट
7. **निम्न में किस राज्य की सीमा बिहार को स्पर्श नहीं करती?**
   (a) उत्तर प्रदेश
   (b ) मध्य प्रदेश
   (c) पश्चिम बंगाल
   (d) झारखंड।
8. **'संरक्षण या विनाश' पुस्तक के लेखक हैं-**
   (a) सरला बहन
   (b) वन्दना शिवा
   (c) जिम कार्बेट
   (d) रस्किन बॉण्ड
9. **निम्नलिखित ईंधनों में से कौन-सा न्यूनतम पर्यावरणीय प्रदूषण उत्पन्न करता है?**
   (a) डीजल (b) पेट्रोल
   (c) हाइड्रोजन (d) कोयला
10. **इनमें से कौन-सा जैव अपघट्य पदार्थ है?**
   (a) प्लास्टिक (b) पॉलिथीन
   (c) सीसा (d) इनमें से कोई नहीं
11. **मोटर गाड़ियों के एक्झास्ट में से निकलने वाली निम्नलिखित गैसों में कौन सी गैस जहरीली होती है?**
   (a) कार्बन मोनो ऑक्साइड
   (b) कार्बन डाई ऑक्साइड
   (c) हाइड्रोकार्बन्स
   (d) सल्फर डाइ ऑक्साइड
12. **भारतीय गैंडे कहाँ संरक्षित है?**
   (a) कॉर्बेट नेशनल पार्क
   (b) काजीरंगा नेशनल पार्क
   (c) बांदीपुर नेशनल पार्क
   (d) गिर नेशनल पार्क
13. **दाचीगाम राष्ट्रीय उद्यान कहाँ स्थित है?**
   (a) उत्तराखण्ड
   (b) मिजोरम
   (c) जम्मू और कश्मीर
   (d) हिमाचल प्रदेश
14. **वर्षा जल संचयन का सबसे प्रमुख उपयोग है-**
   (a) सिंचाई (b) कृषि
   (c) पेयजल (d) भूमिगत जल स्तर वृद्धि
15. **वाइरस के अजैविक होने का लक्षण है–**
   (a) इसमें प्रोटीन नहीं पाया जाता
   (b) यह प्रजनन नही कर सकता
   (c) इसको क्रिस्टल के रूप में परिवर्तित किया जा सकता है
   (d) इसमें वंशानुगत सामग्री नहीं पायी जाती
16. **लाल रक्त कणिकाएँ शरीर में ऑक्सीजन का संवहन करती है। वयस्कों में इनका निर्माण............. होता है।**
   (a) यकृत में (b) गुर्दों में
   (c) हृदय में (d) अस्थि मज्जा में
17. **पौधों में प्रकाश-संश्लेषण क्रिया किस रंग में सबसे अधिक होती है?**
   (a) नीला (b) पीला
   (c) लाल (d) हरा

**18.** **किसी राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति के लिए कम से कम क्या उम्र होनी चाहिए?**

(a) 45 वर्ष (b) 50 वर्ष
(c) 30 वर्ष (d) 35 वर्ष

**19.** **राष्ट्रीय एकता परिषद की स्थापना हुई–**

(a) 1961 में (b) 1971 में
(c) 1981 में (d) 1951 में

**20.** **भारत की प्रथम महिला आईपीएस अफसर कौन हैं?**

(a) प्रतिभा पाटिल (b) पद्मजा नायडू
(c) किरण बेदी (d) हंसा मेहता

**21.** **ग्रेट डिवाइडिंग रेंज निम्न में कहाँ स्थित है?**

(a) अंटार्कटिका
(b) एशिया
(c) ऑस्ट्रेलिया
(d) उत्तरी अमेरिका

**22.** **ध्रुव तारा कहा जाता है–**

(a) पूर्वी तारे को
(b) दक्षिण तारे को
(c) उत्तरी तारे को
(d) पश्चिमी तारे को

**23.** **मौसम के दृष्टिकोण से उष्ण कटिबंधीय प्रदेश का प्रमुख लक्षण है-**

(a) वर्ष भर गर्मी रहना
(b) ठंड में अधिक ठंड एवं गर्मी में हल्की गर्मी
(c) साल भर अधिक जाड़ा या ठंड
(d) ठंड में कम ठंडी एवं गर्मी में हल्की गर्मी

**24.** **एक अवतल दर्पण के प्रतिबिम्ब की प्रकृति होती है-**

(a) आभासी (b) वास्तविक
(c) उपरोक्त दोनों सम्भव है (d) नहीं कहा जा सकता है

**25.** **अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर, वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु संस्था है-**

(a) IUCN (b) UNICEF
(c) IUPAC (d) WHO

**26.** **खाद्य श्रृंखला में 'शाकाहारी' होते हैं-**

(a) प्राथमिक उत्पादक
(b) प्राथमिक उपभोक्ता
(c) द्वितीयक उपभोक्ता
(d) अपघटक

**27.** **रीढ़ वाले जन्तु हैं-**

(a) खरगोश
(b) गिलहरी
(c) सर्प
(d) उपरोक्त सभी

**28.** **निम्नलिखित में से उसे चुनिये जो अपनी मादा की पहचान, उसकी गंध से कई किलोमीटर दूर से ही कर लेती हैं?**

(a) चींटी
(b) मच्छर
(c) रेशम का कीड़ा
(d) मधुमक्खी

**29.** **'दहेज प्रतिषेध अधिनियम' कब लागू हुआ?**

(a) अप्रैल, 1965
(b) मार्च, 1966
(c) जुलाई, 1961
(d) अप्रैल, 1970

**30.** **निम्न में से कौन-सा पोषक तत्त्वों की कमी से होता है?**

(a) पोलियो (b) मलेरिया
(c) डेंगू (d) एनीमिया

# SOLUTION : PRACTICE SET- 1

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 4. (d) | 7. (b) | 10.(d) | 13. (c) | 16. (d) | 19. (a) | 22. (c) | 25. (a) | 28. (c) |
| 2. (c) | 5. (d) | 8. (a) | 11. (a) | 14. (a) | 17.(c) | 20. (c) | 23. (a) | 26. (b) | 29. (c) |
| 3. (b) | 6. (b) | 9. (c) | 12. (b) | 15. (c) | 18.(d) | 21. (c) | 24. (c) | 27. (d) | 30. (d) |

## SOLUTION

**1.** (a)

**उष्ण कटिबंधीय घास स्थल**

| | | |
|---|---|---|
| पूर्वी अफ्रीका | – | सवाना |
| ब्राजील | – | कम्पास |
| वेनेजुएला | – | लानोस |

**शीतोष्ण कटिबंधीय घासस्थल**

| | | |
|---|---|---|
| अर्जेन्टीना | – | पम्पास |
| उत्तरी अमेरिका | – | प्रेअरी |
| दक्षिण अफ्रीका | – | वेल्ड |
| मध्य एशिया | – | स्टेपी |
| आस्ट्रेलिया | – | डाउन्स |

**2. (c)**

किसी खाद्य शृंखला की प्रथम कड़ी सदैव हरे पादप होते है क्योंकि वे सूर्य के प्रकाश में वायुमण्डलीय कार्बन डाईऑक्साइड ($CO_2$) को स्थिरीकृत करते है। पेड़-पौधे प्रकाश की उपस्थिति में वायुमण्डल से कार्बन डाई-ऑक्साइड को लेकर अपना भोजन बनाते हैं और इस प्रक्रिया में मुक्त होने वाली ऑक्सीजन को वातावरण में छोड़ते हैं।

**3. (b)**

भारत का प्रथम कृत्रिम उपग्रह आर्यभट्ट था। इसका प्रक्षेपण सोवियत संघ रूस द्वारा 19 अप्रैल, 1975 में किया गया था। जबकि भास्कर का प्रक्षेपण 7 जून, 1979, रोहिणी का 10 अगस्त, 1979 एवं एजुसैट का 20 सितम्बर, 2004 को हुआ था।

**4. (d)**

पृथ्वी तल के नीचे के पिघले हुए पत्थर को मैग्मा कहा जाता है। मैग्मा के शीतलन के कारण आग्नेय चट्टानों का निर्माण होता है। जब मैग्मा जमीनी सतह के ऊपर आकर (लावा के रूप में) ठण्डा होकर जमता है, तो बर्हिभेदी और जब नीचे ही जम जाता है, तो अन्तर्भेदी आग्नेय चट्टानों का निर्माण होता है।

**5. (d)**

महासागरों एवं समुद्रों का जल, लवणीय होता है। इसमें सोडियम क्लोराइड (NaCl) लवण (Salt-नमक), सर्वाधिक मात्रा में पाया जाता है। जिसके कारण महासागर का जल नमकीन होता है। जल ($H_2O$) में सोडियम क्लोराइड (Sodium Chloride) की मात्रा 35 gm/लीटर होती है।

**6. (b)**

भारत का हिमालयी क्षेत्र अत्यधिक सुभेद्यता क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अतः यहाँ सर्वाधिक भू-स्खलन की घटनाएँ होती है।

**7.** (b)

बिहार राज्य की सीमा उत्तर प्रदेश (UP), झारखण्ड एवं पश्चिम बंगाल राज्यों की सीमा को स्पर्श करती है साथ ही नेपाल (Nepal) देश के साथ अन्तर्राष्ट्रीय सीमा भी बनाती है। मध्य प्रदेश राज्य की सीमा बिहार राज्य को नहीं स्पर्श करती है।

**8. (a)**

**'संरक्षण या विनाश'** नामक पुस्तक का लेखन **सरला बहन** के द्वारा किया गया। यह पुस्तक पर्यावरण के संरक्षण से सम्बन्धित है।

**9. (c)**

निम्नलिखित ईंधनों में से हाइड्रोजन न्यूनतम पर्यावरणीय प्रदूषण उत्पन्न करता है जबकि डीजल, पेट्रोल और कोयला के जलने से हानिकारक गैसे निकलती हैं जो वातावरण को प्रदूषित करती हैं। हल्का होने के कारण गुब्बारों और वायुपोतों में हाइड्रोजन प्रयुक्त होता है तथा इसका स्थान अब हीलियम ले रहा है।

**10.(d)**

जैव अपघट्य पदार्थ वे होते हैं जो जैविक रूप से आसानी से नष्ट हो जाते हैं। प्लास्टिक, पॉलिथीन एवं सीसा जैव अपघट्य पदार्थ नहीं हैं।

**11. (a)**

मोटर गाड़ियों से निकलने वाले गैसों में कार्बन मोनो ऑक्साइड गैस सबसे जहरीली होती है। इसे दमघोंटू गैस भी कहते हैं। यह सांस के माध्यम से शरीर में पहुँचकर रक्त में उपस्थित हीमोग्लोबिन की आक्सीजन वहन क्षमता को बिल्कुल कम कर देता है, जिसके कारण मनुष्य की मृत्यु हो जाती है। यह सभी वायु प्रदूषकों में लगभग 50% भाग का प्रतिनिधित्व करता है।

**12. (b)**

काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान असम राज्य में स्थित है। यह उद्यान एक सींग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध है; क्योंकि यह उद्यान एक सींग वाले गैण्डे को संरक्षित करता है।

**13. (c)**

| **राष्ट्रीय उद्यान** | | **स्थान** |
|---|---|---|
| दाचीगाम | - | जम्मू कश्मीर |
| राजाजी | - | उत्तराखण्ड |
| दम्पा | - | मिजोरम |
| पिन वैली | - | हिमाचल प्रदेश |

**14.** (a)

वर्षा जल संचयन का सबसे मुख्य उपयोग सिंचाई करना है। वर्षा जल को बड़े-बड़े टैंक एवं गड्ढ़ो में इकट्ठा कर लिया जाता है तथा उसे आवश्यकतानुसार कृषि कार्य में सिंचाई (Irrigation) के लिए प्रयोग किया जाता है।

**15. (c)**

विषाणु को जैविक और अजैविक (Living or nonliving) के बीच संयोजक कड़ी माना जाता है।

**विषाणु के अजैविक लक्षण–** विषाणुओं को बड़े–बड़े क्रिस्टलों के रूप में परिवर्तित करके, निर्जीव पदार्थों की भाँति बोतलों में बन्द करके रखा जा सकता है। फिर भी क्रिस्टल, प्रभावी अर्थात् संक्रामक बने रहते हैं।

**विषाणु के जैविक लक्षण–** वाइरसों में माप, आकृति एवं संरचना के लक्षण निर्जीव वस्तुओं की भाँति अनिश्चित न होकर सजीवों की भाँति निश्चित एवं स्थाई होते हैं तथा सजीव तंत्रों के संघटन में भाग लेने वाले विविध पदार्थों में से ही दो प्रमुख पदार्थों के बने होते हैं।

**16. (d)**

मानव शरीर में लाल रक्त कणिकाओं (Red Blood Cells) का निर्माण अस्थिमज्जा (Bone Marrow) में होती है। लाल रक्त कणिकाए शरीर में ऑक्सीजन ($O_2$) के संवहन का कार्य करती है। इस कोशिका में केन्द्रक नहीं होता है। इसकी औसत आयु 120 दिन की है। इसमें हीमोग्लोबिन नाम का प्रोटीन पाया जाता है। ऊंट में अपवाद स्वरूप रक्त कोशिका में केन्द्रक पाया जाता है।

**17.(c)**

पौधों में लाल रंग की उपस्थिति में प्रकाश संश्लेषण की क्रिया सबसे तीव्र होती है। नीले में लाल से कुछ कम तथा हरी और बैगनी किरणों में यह क्रिया सबसे कम होती है।

**18.(d)**

राज्यपाल, राज्य का कार्यकारी प्रमुख (संवैधानिक मुखिया) होता है। राज्यपाल न तो जनता द्वारा सीधे चुना जाता है और न ही अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रपति की तरह संवैधानिक प्रक्रिया के तहत उसका चुनाव होता है। उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति के मुहर लगे आज्ञापत्र के माध्यम से होती है।

संविधान ने राज्यपाल के रूप में नियुक्त किए जाने वाले व्यक्ति के लिए दो अर्हताएं निर्धारित की, वे हैं–

- उसे भारत का नागरिक होना चाहिए।
- वह 35 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो।

**19. (a)**

राष्ट्रीय एकता परिषद (NIC) की स्थापना 1961 में 'अनेकता में एकता' के सिद्धांत पर केन्द्रीय सरकार द्वारा दिल्ली में हुई राष्ट्रीय सभा में लिए गए निर्णय के साथ हुआ। इसमें अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री, केन्द्रीय गृह मंत्री, राज्यों के मुख्यमंत्री, राजनीतिक दलों के 7 सदस्य तथा प्रधानमंत्री द्वारा मनोनीत 7 अन्य सदस्य शामिल होते हैं। राष्ट्रीय एकता परिषद सांप्रदायिकता, जातिवाद और क्षेत्रवाद की समस्याओं को दूर करने के तरीकों की तालाश करता है।

**20. (c)**

भारत की प्रथम महिला आई.पी.एस. 1972 बैच की किरण बेदी हैं।

**21. (c)**

ग्रेट डिवाइडिंग रेंज ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट पर स्थित ऑस्ट्रेलिया की सबसे बड़ी एवं सबसे प्रमुख पर्वतमाला है। इस पर्वत श्रेणी और ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप का सर्वोच्च शिखर कोस्यूस्को (2228 मीटर ऊँचा) है। ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप सबसे छोटा महाद्वीप है जो दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है। जिसका अक्षांशीय विस्तार $10^o$ दक्षिण से $39^o$ दक्षिण तक एवं देशांतरीय विस्तार $113^o$ पूर्व से $153^o$ पूर्व तक है तथा मकरवृत्त इस महाद्वीप के मध्य से गुजरती है। ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप को द्वीपीय महाद्वीप भी कहते हैं। ऑस्ट्रेलिया क्वींसलैण्ड राज्य के उत्तर-पूर्वी तट के साथ-साथ समुद्र में एक प्रवाल भित्ती है जिसे ग्रेट बैरियर रीफ कहते हैं।

**22. (c)**

ध्रुव तारा उत्तरी तारे को कहा जाता है। यह आसमान में उत्तर की दिशा की ओर स्थिर रहता है। जो देखने पर जो सबसे चमकता हुआ तारा नजर आता है, उसे ही ध्रुवतारा कहा जाता है। इसे अंग्रेजी में Pole Star भी कहा जाता है। प्राचीन काल में इसका प्रयोग दिशा ज्ञात करने में किया जाता था। अतः इसे दिशा सूर्य सूचक भी कहते है।

**23. (a)**

मौसम के दृष्टिकोण से उष्ण कटिबंधीय प्रदेश का प्रमुख लक्षण वर्ष भर गर्मी रहता है। उष्ण कटिबंधीय प्रदेश का विस्तार विषुवत रेखा से $23\frac{1}{2}^\circ$ उत्तर और $23\frac{1}{2}^\circ$ दक्षिण के बीच पाया जाता है। यहाँ पर वर्ष भर उच्च वर्षा तथा उच्च तापमान के कारण सदाबहारी वर्षा वन बायोम पाया जाता है। इसका सर्वाधिक विकास अमेजन बेसिन, कांगो बेसिन तथा इण्डोमलेशियन क्षेत्र में हुआ है। भारत में इसका विस्तार पश्चिमी तट तथा असम में मिलता है।

**24. (c)**

यदि गोलाकार दर्पण की आंतरिक सतह परावर्तक सतह होती है, तो इसे अवतल दर्पण कहा जाता है। दर्पण से वस्तु की दूरी के आधार पर इन दर्पणों द्वारा निर्मित प्रतिबिम्ब का आकार वस्तु से बड़ा या छोटा हो सकता है। अवतल दर्पण वस्तु के सापेक्ष दर्पण की स्थिति के आधार पर किसी भी वस्तु का वास्तविक और आभासी दोनों प्रतिबिम्ब बना सकता है।

**25. (a)**

IUCN अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर, वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु संख्या है। IUCN (International Union for Conservation & Nature) की स्थापना 5 अक्टूबर, 1948 को फ्राँस में की गयी थी। इसका मुख्यालय स्विट्जरलैण्ड के ग्लैण्ड में स्थित है। सन 1963 से यह संस्था विलुप्त प्राय, असुरक्षित तथा दुर्लभ जीवों तथा पादपों से सम्बन्धित रेड डाटा बुक जारी करता है।

**26. (b)**

खाद्य श्रृंखला विभिन्न जीवों का वह क्रम है, जिसके द्वारा एक पारितंत्र में खाद्य ऊर्जा का प्रवाह होता है। खाद्य श्रृंखला के प्रत्येक चरण को एक पोषी स्तर द्वारा दर्शाया जाता है। खाद्य श्रृंखला दर्शाती है कि कैसे ऊर्जा सूर्य से उत्पादकों तक, उत्पादकों से उपभोक्ताओं तक और उपभोक्ताओं से अपघटक तक जाती है।

⇒ प्राथमिक उपभोक्ता शाकाहारी जानवर हैं, जिनका पोषण सीधे पौधों के उत्पादों पर आधारित होता है। उदाहरण– गाय, बकरी, हिरण, टिड्डा आदि।

**27. (d)**

खरगोश, गिलहरी, सर्प, मेढ़क आदि रीढ़ वाले जन्तु हैं तथा बिना रीढ़ वाले जंतु-तिलचट्टा केंचुए, केकड़े घोघें आदि जैसे कीट हैं।

**28. (c)**

रेशम का कीड़ा ऐसा नर कीट है, जो अपनी मादा की पहचान उसकी गंध से 3 किलोमीटर दूर से ही कर लेता है। यह पशु जगत में पायी जाने वाली अद्भुत इंद्रियों के उदाहरण में से एक है।

- रेशमकीट बॉम्बेक्स मोरी पोथ का लार्वा या कैटरपिलर है। मोथ रेशम बनाता है तथा रेशमकीट शहतूत के पत्ते खाते हैं।

**29. (c)**

20 मई 1961 को भारत की संसद ने दहेज निरोधक अधिनियम पारित किया। यह अधिनियम 1 जुलाई, 1961 को लागू हुआ था। महिला और बाल विकास मंत्रालय अधिनियम का केंद्रीय कार्यान्वयन प्राधिकरण है। दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 2 के अनुसार 'दहेज' शब्द का अर्थ किसी भी संपत्ति या मूल्यवान प्रतिभूति से है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दी गई है या देने के लिए सहमत है।

**30. (d)**

एनीमिया रोग, शरीर में आयरन की कमी से होता है, जबकि पोलियो, डेंगू वायरस जनित रोग है तथा मलेरिया रोग प्लाज्मोडियम नामक परजीवी, जिसका वाहक मादा एनाफ्लीज मच्छर है, से होता है।

# PRACTICE SET - 2

**1. शोला घास स्थल कहाँ पाए जाते हैं?**

(a) पश्चिमी घाट (b) पूर्वी घाट
(c) हिमालय (d) विंध्याचल

**2. निम्नलिखित में से कौन-सी आपदा पर्यावरणीय ह्रास के कारण उत्पन्न होती है?**

(a) भूस्खलन (b) बाढ़ एवं सूखा
(c) वनो की आग (d) उपरोक्त सभी

**3. ध्रुवतारा कहा जाता है-**

(a) उत्तरी तारे को (b) दक्षिणी तारे को
(c) पूर्वी तारे को (d) पश्चिमी तारे को

**4. पृथ्वी की सबसे बाहरी परत को...........कहा जाता है–**

(a) स्फीयर (b) पपड़ी
(c) आवरण (d) केन्द्र

**5. 71% पृथ्वी का तल ढका हुआ है-**

(a) भूमि से
(b) हवा से
(c) जल से
(d) कोयला से

**6. नन्दादेवी चोटी किस राज्य में स्थित है?**

(a) हिमाचल प्रदेश
(b) उत्तराखण्ड
(c) उत्तर प्रदेश
(d) सिक्किम

**7. तमिलनाडु के निकटवर्ती राज्य हैं–**

(a) कर्नाटक, छत्तीसगढ़, केरल
(b) आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक
(c) आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक
(d) केरल, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र

**8. पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा पर्यावरण के क्षेत्र में दिया जाने वाला पुरस्कार है-**

(a) पर्यावरण मित्र
(b) पर्यावरण श्री
(c) तरु मित्र
(d) वृक्षमित्र

**9. 'ग्रीन मफ्लर' सम्बन्धित है-**

(a) मृदा प्रदूषण से
(b) वायु प्रदूषण से
(c) ध्वनि प्रदूषण से
(d) जल प्रदूषण से

**10. BOD5 क्या है?**

(a) Biochemical Oxygen Demand in 5 hrs.
(b) Biochemical Oxygen Demand in 5 days
(c) Biochemical Oxygen Demand in 5 Months
(d) Biochemical Oxygen Demand in 5 Minutes

**11. ईंधन के अपूर्ण ज्वलन के कारण निम्नलिखित में से कौन सी गैस उत्पन्न होती है?**

(a) कार्बनडाइ ऑक्साइड
(b) कार्बन मोनो ऑक्साइड
(c) मीथेन
(d) इथेन

**12. असोम का प्रसिद्ध 'एक सींग वाले एशियाई गैण्डे' वाला वन्य जीव अभयारण्य कौन-सा है?**

(a) मानस
(b) काजीरंगा
(c) गिर जंगल
(d) कान्हा-किस्ली

**13. दुधवा टाइगर रिजर्व किस राज्य में है?**

(a) कर्नाटक
(b) उत्तर प्रदेश
(c) छत्तीसगढ़
(d) पं. बंगाल

**14. पीने के लिए सुरक्षित पानी को क्या कहते हैं?**

(a) पीने–योग्य पानी
(b) आसुत जल
(c) ताजा जल
(d) नल का पानी

**15. पादप हार्मोन जो फलों को पकाने में सहायता करता है–**

(a) जिबरेलिन
(b) साइटोकाइनिन
(c) इथाइलीन
(d) ऑक्सिन

**16. मादा मच्छर रक्त चूसने का कार्य क्यों करती है?**

(a) मलेरिया फैलाने के लिए
(b) संक्रमण फैलाने के लिए
(c) अपने जीवन को बचाने के लिए
(d) अण्डे देने के लिए

**17. जल-जनित रोग है-**

(a) अतिसार
(b) छोटी माता

(c) रक्ताल्पता
(d) मस्तिष्क ज्वर

**18. यीस्ट एक.............है।**
(a) जीवाणु
(b) कवक
(c) शैवाल
(d) ब्रायोफाइटा

**19. समता के अधिकार का उल्लेख संविधान के किन अनुच्छेदों में मिलता है?**
(a) अनुच्छेद 14–18
(b) अनुच्छेद 23–24
(c) अनुच्छेद 25–28
(d) अनुच्छेद 19–22

**20. सिख धर्म के संस्थापक निम्न में से कौन हैं?**
(a) गुरु तेग बहादुर
(b) गुरु गोविन्द सिंह
(c) गुरु अर्जुन देव
(d) गुरु नानक देव

**21. दक्षिण पूर्वी यूरोप के शीतोष्ण कटिबंध घास के मैदान को कहा जाता है–**
(a) टैगा
(b) टुंड्रा
(c) मीडोज
(d) स्टॉपीज

**22. भारत में 'प्रोजेक्ट टाइगर' प्रारम्भ किया गया था।**
(a) 1981 ई.
(b) 1973 ई.
(c) 1972 ई.
(d) 1985 ई.

**23. वायुमण्डल में नाइट्रोजन गैस की प्रतिशत मात्रा होती है-**
(a) 20.95
(b) 78.09
(c) 21
(d) 0.03

**24. घरों में विद्युत मीटर में दिखाए जाने वाले यूनिट हैं-**
(a) वोल्ट
(b) वाट
(c) किलोवाट
(d) किलोवाट घण्टा

**25. भारत के किस राज्य में 'पानी पंचायत' प्रारम्भ हुई?**
(a) केरल
(b) राजस्थान
(c) उत्तर प्रदेश
(d) महाराष्ट्र

**26. निम्न में से अजैविक अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण एवं प्रबंध का प्रमुख उपाय है-**
(a) मिट्टी के अन्दर दबा देना चाहिए
(b) पूर्णतया जला देना चाहिए
(c) पुनःचक्रण केन्द्रों पर भेज देना चाहिए
(d) नाली में फेंक देना चाहिए

**27. सामाजिक विकास के मार्ग में बाधक तत्व है :**
(a) श्रम विभाजन
(b) शिक्षा का अधिकार
(c) साम्प्रदायिकता
(d) सहकारिता

**28. रेखा की माँ ---- के लिए रोजाना तालाब से लाए पानी में फिटकरी डालती है।**
(a) हल्के निलंबित अपद्रव्यों को अवसादित करने
(b) कठोर जल को मृदु जल में परिवर्तित करने
(c) पानी में मौजूद रोगाणुओं को खत्म करने
(d) पानी को रंगरहित करने

**29. पृथ्वी अपने अक्ष पर एक घूर्णन करीब ....... में पूर्ण करती है।**
(a) 365 दिन
(b) 24 घंटे
(c) एक महीना
(d) 48 घंटे

**30. विभिन्न ऋतुओं के माध्यम से बच्चे किस पर्यावरण को जान पाते हैं?**
(a) प्राकृतिक
(b) सामाजिक
(c) सांस्कृतिक
(d) आर्थिक

# SOLUTION : PRACTICE SET- 2

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (a) | 4. (b) | 7. (b) | 10.(b) | 13. (b) | 16. (d) | 19. (a) | 22. (b) | 25. (d) | 28. (a) |
| 2. (b) | 5.(c) | 8. (d) | 11. (b) | 14. (a) | 17.(a) | 20. (d) | 23. (b) | 26. (c) | 29. (b) |
| 3. (a) | 6. (b) | 9. (c) | 12. (b) | 15. (c) | 18. (b) | 21. (d) | 24. (d) | 27. (c) | 30. (a) |

## SOLUTION

**1. (a)**

शोला घास, पश्चिमी घाट में पाए जाते हैं। शोला घास स्थल वनों का उष्णकटिबंधीय मोंटन जंगलों के रूप में माना जाता है। इस तरह के घास के मैदान नीलगिरी, कन्याकुमारी एवं पश्चिमी घाट के ऊँचाई वाले क्षेत्रों में पाए जाते हैं।

**2.** (b)

पर्यावरण अपघटन के कारण जलवायु (Climate) में परिवर्तन होता है जिसके परिणाम स्वरूप कई प्रकार की प्राकृतिक आपदा उत्पन्न होती है- जैसे- सूखा, बाढ़, अत्यधिक वर्षा आदि।

**3. (a)**

जो तारा हमेशा उत्तर दिशा में चमकता रहता है तथा उत्तरी ध्रुव के ठीक ऊपर स्थित होने के कारण एक ही दिशा में हमेशा दिखाई पड़ता है उसे ध्रुव तारा कहते है। यह ध्रुव मत्स्य तारा समूह का एक भाग है। अतः उत्तरी तारे को ध्रुव तारा कहा जाता है।

**4. (b)**

पृथ्वी की सतह की सबसे ऊपरी तथा बाहरी परत को पपड़ी या पर्पटी कहते हैं। यह सबसे पतली परत होती है। यह महाद्वीपीय सतह में 35 किलोमीटर एवं समुद्री सतह में केवल 5 किलोमीटर तक है। महाद्वीप की पर्पटी मुख्य रूप से सिलिका एवं ऐलुमिना जैसे खनिजों से बनी है। इसलिए इसे सिएल (Si + Al) कहा जाता है। महासागर की पर्पटी मुख्यतः सिलिका और मैग्नीशियम की बनी है; इसलिए इसे सिमै (Si + Mg) कहा जाता है।

**5.(c)**

पृथ्वी का 71% भूमि भाग, महासागरों एवं जल द्वारा तथा 29% भाग स्थल के द्वारा ढका हुआ है।

**6. (b)**

नन्दा देवी पर्वत चोटी उत्तराखण्ड में स्थित पर्वत चोटी है। यह भारत की दूसरी एवं विश्व की 23 वीं सर्वोच्च पर्वत चोटी है। भारत की सर्वोच्च पर्वत चोटी कंचनजंघा है। नंदा देवी पर्वत शिखर हिमालय पर्वत श्रृंखला में भारत के उत्तराखण्ड राज्य के पूर्व में गौरी गंगा तथा पश्चिम में ऋषि गंगा घाटियों में अवस्थित है।

**7. (b)**

तमिलनाडु के निकटवर्ती राज्य आन्ध्र प्रदेश, केरल तथा कर्नाटक है।

**8. (d)**

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'इन्दिरा प्रियदर्शिनी वृक्षमित्र' पुरस्कार प्रारम्भ किया गया। यह पुरस्कार ऐसे व्यक्ति तथा संस्थाओं को दिया जाता है जो वनीकरण को बढ़ावा देते हैं। इस पुरस्कार के अन्तर्गत व्यक्तियों और संस्थाओं को चार श्रेणियों में ₹ 2 लाख 50 हजार का नकद पुरस्कार दिया जाता है।

**9. (c)**

ग्रीन मफ्लर अधिक आबादी वाले या ध्वनि प्रदूषण वाले क्षेत्र जैसे सड़कों के किनारे, औद्योगिक क्षेत्रों और राजमार्गों के आस पास के रिहायशी इलाकों में 4-6 पंक्तियों में वृक्षारोपण कर ध्वनि प्रदूषण को कम करने की एक तकनीक है ताकि घने पेड़ ध्वनि प्रदूषण को कम कर सके क्योंकि पेड़ ध्वनि को अवशोषित करते हैं और इसे नागरिकों तक पहुँचने से रोकते हैं। ध्वनि प्रदूषण को नियन्त्रित करने वाले ये हरे पौधे 'ग्रीन मफ्लर' कहलाते हैं।

**10.(b)**

BOD5 (Biochemical Oxygen Demand in 5 days) एक मापन है जिससे जल/वायु में ऑक्सीजन की मात्रा को मापा जाता है। BOD5 दिन में जैविक ऑक्सीजन के भाग की इकाई है।

**11.** (b)

पेट्रोल तथा डीजल जैसे ईंधनों के अपूर्ण ज्वलन (दहन) से कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) उत्पन्न होती है। यह एक विषैली गैस है। यह रूधिर में ऑक्सीजन-वाहक क्षमता को घटा देती है।

**12. (b)**

'एक सींग वाले गैण्डे' के संरक्षण के लिए असम राज्य में 'काजीरंगा वन्य जीव अभ्यारण्य' की स्थापना 1908 में हुई थी।

**13. (b)**

दुधवा टाइगर रिजर्व उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जनपद में स्थित है। यह संरक्षित क्षेत्र भारत और नेपाल की सीमाओं से लगे विशाल वन क्षेत्र में फैला है। यह राष्ट्रीय उद्यान बाघों एवं बारहसिंगा के लिये विश्व प्रसिद्ध है। 1 फरवरी, 1977 ई. को दुधवा के जंगलों को राष्ट्रीय उद्यान बनाया गया।

**14. (a)**

पीने के लिए सुरक्षित पानी को पीने–योग्य पानी कहते हैं। हमारी पृथ्वी पर 0.006% ही पीने योग्य पानी है।

**15. (c)**

इथाइलीन (एथिलीन) पादप हॉर्मोन है, जो फलों को पकाने का महत्वपूर्ण रासायनिक अवयव है।

**16. (d)**

मादा मच्छर स्वस्थ अण्डे देने के लिए रक्त चूसने का कार्य करती है। अण्डे देने का कार्य नर मच्छर (Male Mosquito) का नहीं होता। इसलिए नर मच्छर रक्त नहीं चूसता है।

**17.(a)**

जल-जनित बीमारियाँ जल में उपस्थित सूक्ष्म जीवों जैसे-जीवाणु, विषाणु तथा अमीबा के कारण होता है। अतिसार रोग जल के द्वारा उत्पन्न होता है। जबकि छोटी माता, मस्तिष्क ज्वर विषाणु (Virus) द्वारा तथा रक्तअल्पता लोहे की कमी से होता है।

**18. (b)**

यीस्ट एक कोशिकीय कवक है, जो मृतोपजीवी होता है। इसकी कोशिका भित्ति काइटिन की बनी होती है। यीस्ट को साधारणतः बेकर यीस्ट कहते हैं। इसका उपयोग मदिरा निर्माण तथा बेकरी उद्योग में किया जाता है। यीस्ट चावल के आटे के किण्वन में सहायक होते हैं जिससे इडली एवं डोसा बनता है।

**19. (a)**

संविधान के तीसरे भाग में छः मौलिक अधिकारों का वर्णन किया गया है। ये अधिकार हैं–

- समानता (समता) के अधिकार (अनु. 14–18)
- स्वतंत्रता का अधिकार (अनु. 19–22)
- शोषण के विरूद्ध अधिकार (अनु. 23–24)
- धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनु. 25–28)
- सांस्कृतिक व शिक्षा का अधिकार (अनु. 29–30)
- संवैधानिक उपचारों का अधिकार (अनु. 32)

**20. (d)**

सिख धर्म की स्थापना गुरु नानक देव ने की थी। गुरुनानक देव का जन्म पंजाब के तलवंडी नामक स्थान पर 1469 ई. में हुआ था।

**21. (d)**

दक्षिण पूर्वी यूरोप के शीतोष्ण कटिबंध घास के मैदान को स्टापीज कहा जाता है। शीतोष्ण कटिबंधीय घास भूमि का विस्तार दोनों गोलार्द्धों में $23.5^o$ से $66.5^o$ अक्षांशों के मध्य पाया जाता है। इस प्रकार की घास भूमि उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, अफ्रीका, यूरेशिया (यूरोप + एशिया) एवं आस्ट्रेलिया में पायी जाती है।

**22. (b)**

भारत में प्रोजेक्ट टाइगर का प्रारम्भ 1973 ई. में किया गया था। बाघों की घटती संख्या को रोकने तथा बाघों के संरक्षण के लिए भारत सरकार द्वारा 1 अप्रैल 1973 को प्रोजेक्ट टाइगर की शुरूआत की गयी। इस प्रोजेक्ट की शुरूआत जिम कार्बेट नेशनल पार्क (उत्तराखण्ड) में की गई थी। प्रोजेक्ट टाइगर का उद्देश्य संकटग्रस्त प्रजातियों के साथ-साथ टाइगर रिजर्व के आस-पास रह रहे जनजातीय लोगों के अधिकारों को सुनिश्चित करना है। प्रोजेक्ट टाइगर केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजना हैं।

राष्ट्रीय टाइगर संरक्षण प्राधिकरण 'पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के अंतर्गत गठित एक सांविधिक निकाय है जो वन्यजीव अधिनियम 1972 (2006 में संशोधित) के तहत कार्य करता है। वर्तमान में भारत में 53 टाइगर रिजर्व है।

**23. (b)**

वायुमण्डल में पाई जाने वाली वायु में अनेक गैसें निश्चित मात्रा में पाई जाती है। वायुमण्डल में पायी जाने वाली कुछ गैसों का प्रतिशत निम्नलिखित है-

| | | |
|---|---|---|
| नाइट्रोजन | - | 78.09% |
| ऑक्सीजन | - | 20.95% |
| ऑर्गन | - | 0.93% |
| कार्बन डाइऑक्साइड | - | 0.03% |
| निऑन | - | 0.001% |
| हीलियम | - | 0.0005% |
| मेथेन | - | 0.00017% |

**24. (d)**

घरों में या औद्योगिक संस्थानों में कुल उपभोग की गई विद्युत को घरों या संस्थानों में लगे विद्युत मीटर के द्वारा मापा जाता है। यह मीटर उपभोग की गई विद्युत को किलोवॉट आवर या kWh में मापता है। एक kWh को आम बोलचाल की भाषा में एक यूनिट कहा जाता है।

**25. (d)**

महाराष्ट्र राज्य में 'पानी पंचायत' का प्रारम्भ श्री विलासराव सालुंके द्वारा 1972-73 में किया गया था। यह 1974 में महाराष्ट्र के सूखाग्रस्त पुरंधर तालुका के नायगांव गांव के किसानों को पानी के प्रबंधन के लिए प्रेरित करने के लिए है।

**26. (c)**

अजैविक अपशिष्ट पदार्थों के निस्तारण एवं प्रबंधन के लिए उन्हें पुनर्चक्रण केन्द्रों पर भेजना, सबसे अच्छा तरीका होता है। अपशिष्ट से संसाधनों को या किसी भी मूल्य की चीज को निकालना पुर्नचक्रण के नाम से जाना जाता है जिसका अर्थ होता है पुनः मिलना, जिससे अपशिष्ट पदार्थ का पुनर्नवीकरण होता है। यह पर्याव्रण की रक्षा करने में मदद करता है और सार्वभौमिक कार्बन उत्सर्जन को कम करने का एक उत्कृष्ट तरीका है।

**27. (c)**

सांप्रदायिकता सामाजिक विकास के मार्ग में बाधक तत्व है। जबकि श्रम विभाजन, शिक्षा का अधिकार और सहकारिता सामाजिक विकास के मार्ग में सहयोगात्मक तत्व है।

**28. (a)**

रेखा की माँ तालाब से लाए पानी में फिटकरी मिला देती है जिससे पानी में उपस्थित हल्के निलंबित अपद्रव्य अवसादित हो जाते हैं। फिटकरी एक सार्वभौमिक स्कंदक है। इसे एल्यूमीनियम सल्फेट $(Al_2 (SO_4)_3 (SH_2O)$ के रूप में भी जाना जाता है।

**29. (b)**

पृथ्वी का अपने अक्ष के सापेक्ष पश्चिम से पूर्व दिशा की ओर लट्टू की भाँति घूमना 'पृथ्वी का घूर्णन' कहलाता है। इसे 'परिभ्रमण' गति भी कहते हैं। पृथ्वी अपने अक्ष पर एक घूर्णन करीब 24 घण्टे (23 घंटे,56 मिनट व 4 सेकंड) में पूर्ण करती है। अपने अक्ष पर घूमती हुई पृथ्वी सूर्य के चारों ओर दीर्घ वृत्ताकार कक्षा में चक्कर लगाती है, इसे पृथ्वी का 'परिक्रमण गति' कहते हैं।

**30. (a)**

विभिन्न ऋतुओं के माध्यम से बच्चे प्राकृतिक पर्यावरण एक प्रकार का वातावरण है, जिसमें मानव निर्मित वस्तुएँ न शामिल होकर प्राकृतिक वस्तुएँ शामिल होती हैं।

# PRACTICE SET - 3

1. **निम्न में से कौन–सा क्रम पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा प्रवाह के सम्बन्ध में सही है?**
   (a) उत्पादक → अपघटक → उपभोक्ता
   (b) अपघटक → उपभोक्ता → उत्पादक
   (c) उत्पादक → उपभोक्ता → अपघटक
   (d) उपभोक्ता → उत्पादक → अपघटक

2. **इनमे से कौन मानव पर्यावरण का एक घटक नहीं है?**
   (a) भूमि (b) धर्म
   (c) समुदाय (d) परिवार

3. **'मकर रेखा' है-**
   (a) $23\frac{1}{2}^0$ (b) $23\frac{1}{2}^0N$
   (c) $23\frac{1}{2}^0S$ (d) $23^0S$

4. **पृथ्वी की पपड़ी में सबसे ज्यादा पाया जाने वाला धातु कौन सा है?**
   (a) जिंक (b) तांबा
   (c) एल्युमीनियम (d) लोहा

5. **महासागर पृथ्वी पृष्ठ के अधिकांश जगह आवृत्त किया है जो है लगभग-**
   (a) $\frac{3}{4}$ (b) $\frac{1}{2}$
   (c) $\frac{1}{4}$ (d) $\frac{2}{3}$

6. **भारत के सबसे पुराने पहाड़ कौन से हैं?**
   (a) पश्चिमी घाट (b) सतपुड़ा की पहाड़ियाँ
   (c) अरावली (d) पूर्वी घाट

7. **निम्नलिखित राज्यों के समूहों में से किस एक समूह के समुद्रतट अरब सागर पर हैं–**
   (a) आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा
   (b) केरल, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल
   (c) तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक
   (d) कर्नाटक, केरल, गुजरात

8. **'रेड डाटा बुक' में सम्मिलित हैं-**
   (a) विलुप्त हो रहे जीव (b) सुभेद्य जीव
   (c) आपत्तिग्रस्त जीव (d) इनमें से सभी

9. **निम्नलिखित किस गैस के कारण भोपाल गैस त्रासदी हुई?**
   (a) क्लोरा-फ्लोरो कार्बन
   (b) कार्बन डाईऑक्साइड
   (c) नाईट्रस ऑक्साइड
   (d) मिथाईल आइसोसायनेट

10. **हरित गृह प्रभाव के द्वारा पृथ्वी पर कौन-सा रेडिएशन होता है?**
    (a) UV रेडिएशन (b) गामा रेडिएशन
    (c) X किरण रेडिएशन (d) इन्फ्रारेड रेडिएशन

11. **स्मोग किसका संयोजन है?**
    (a) हवा और जल वाष्प (b) पानी और धुंआ
    (c) आग और पानी (d) धुँआ और कोहरा

12. **निम्नलिखित में से किस जनपद में चन्द्रप्रभा वन्यजीव अभयारण्य स्थित है?**
    (a) लखीमपुर खीरी (b) चन्दौली
    (c) लखनऊ (d) वाराणसी

13. **हमारे देश में वन महोत्सव दिवस मनाया जाता है-**
    (a) 2 अक्टूबर को (b) 1 जुलाई को
    (c) 10 अगस्त को (d) 1 दिसम्बर को

14. **इनमें से कौन भारत का प्रथम मुख्य न्यायाधीश था?**
    (a) एम. पंतजलि शास्त्री
    (b) मेहर चन्द्र महाजन
    (c) हीरालाल जे. कानिया
    (d) एस.आर. दास

15. **निम्न में से कौन– अचल जीव का उदाहरण है?**
    (a) लीच (b) काइटन
    (c) इकनस (d) यूप्लेक्टेला

16. **पत्तियों में हरे रंग की उपस्थिति निम्न में से किस कारण से है?**
    (a) ग्लूकोज (b) नाइट्रोजन
    (c) क्लोरोफिल (d) ऑक्सीजन

17. **रक्त की जाँच द्वारा किसकी उपस्थिति से मलेरिया की पहचान होती है?**
    (a) लाल रक्त कोशिकाओं में मलेरिया परजीवी (प्लाज्मोडियम)
    (b) रक्त में क्षतिग्रस्त यकृत कोशिकाएँ
    (c) रक्त में मच्छर के लार्वे
    (d) लाल रक्त कोशिकाओं में मच्छर के अंडे

18. **BCG का टीका किसके संरक्षण के लिए होता है?**
    (a) गलफेड़ (b) क्षय रोग
    (c) कुष्ठ रोग (d) टिटनेस

19. **किस देश में लचीला संविधान लागू है?**
    (a) चीन
    (b) अमेरिका
    (c) युनाइटेड किंग्डम
    (d) भारत

**20. 'सत्यार्थ प्रकाश' के लेखक का नाम है-**
(a) स्वामी दयानन्द सरस्वती
(b) स्वामी विवेकानन्द
(c) राजा राममोहन रॉय
(d) मदन मोहन मालवीय

**21. नगर निगम द्वारा कौन–सा कर लगाया जा सकता है?**
(a) गृह कर
(b) चुंगी कर
(c) उपरोक्त सभी
(d) मनोरंजन कर

**22. कान्हा राष्ट्रीय उद्यान भारत के किस राज्य में स्थित है?**
(a) तमिलनाडु
(b) मध्य प्रदेश
(c) पश्चिम बंगाल
(d) गुजरात

**23. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कितने स्थायी सदस्य है?**
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 6

**24. निम्नलिखित में से कौन-सा मूल अधिकार नहीं है?**
(a) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(b) संपत्ति का अधिकार
(c) समानता का अधिकार
(d) शान्तिपूर्वक तरीके से एकत्रित होने का अधिकार

**25. ओजोन परत सूर्य से आने वाली किरणों को रोकती है?**
(a) अवरक्त किरणें (b) एक्स-किरणें
(c) पराबैंगनी किरणें (d) इनमें से कोई नहीं

**26. अमोनिया और..............की क्रिया से यूरोट्रॉपीन प्राप्त होती है, जिसे मूत्र विकार संबंधी रोगों में प्रयोग किया जाता है-**
(a) ऐसीटोन
(b) ऐसटैल्डिहाइड
(c) फॉर्मेल्डिहाइड
(d) एसीटिक अम्ल

**27. मनुष्य में एनीमिया ( रक्ताल्पता ) का प्रमुख कारण है :**
(a) प्रोटीन की कमी
(b) कैल्शियम की कमी
(c) लौह तत्व (आयरन) की कमी
(d) विटामिन A की कमी

**28. विटामिन $B_1$ की कमी से होने वाला रोग है-**
(a) स्कर्वी
(b) बेरी-बेरी
(c) रिकेट्स
(d) पेलाग्रा

**29. निम्नलिखित में से कौन-सा पर्यावरण का भौतिक घटक नहीं है?**
(a) आर्द्रता
(b) जलवायु
(c) कवक
(d) नदी

**30. निम्न में से कौन-सा पारिस्थितिक तंत्र मानव निर्मित है?**
(a) तालाब (b) कृषि भूमि
(c) घास का मैदान (d) पर्णपाती वन

# SOLUTION : PRACTICE SET- 3

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 4. (c) | 7. (d) | 10. (d) | 13.(b) | 16. (c) | 19. (c) | 22. (b) | 25. (c) | 28. (b) |
| 2. (a) | 5. (a) | 8. (d) | 11. (d) | 14. (c) | 17. (a) | 20. (a) | 23. (c) | 26. (c) | 29. (c) |
| 3. (c) | 6. (c) | 9. (d) | 12. (b) | 15. (d) | 18. (b) | 21. (c) | 24. (b) | 27. (c) | 30. (b) |

## SOLUTION

**1. (c)**

पारिस्थितिक तंत्र में ऊर्जा प्रवाह के सम्बन्ध में सही क्रम है– उत्पादक → उपभोक्ता → अपघटक

उत्पादक तथा उपभोक्ता स्तर पर ऊर्जा की मात्रा निरन्तर कम हो रही है। यह वृक्षों तथा कुछ जीव–जन्तुओं की कम होती संख्या के कारण है।

**2.** (a)

भूमि, जल, वायु, पेड़-पौधे एवं जीव-जन्तु मिलकर प्राकृतिक पर्यावरण बनाते हैं। भूमि, मानव पर्यावरण के घटक नहीं है। जबकि घर-परिवार, धर्म, समुदाय, मेला, उत्सव, तीज-त्योहार आदि मानव (सामाजिक) पर्यावरण के घटक हैं।

**3. (c)**

भूमध्य रेखा के उत्तर में $23\frac{1}{2}^0$अक्षांश को कर्क रेखा और दक्षिण में $23\frac{1}{2}^0$ अक्षांश को मकर रेखा कहते है। 22 दिसम्बर को सूर्य मकर रेखा पर लम्बवत होता है। इसे मकर संक्रांति कहते है। इस दिन दक्षिणी गोलार्द्ध में सबसे बड़ा दिन होता है।

**4. (c)**

पृथ्वी की पपड़ी/भू-पर्पटी में सबसे ज्यादा एल्युमीनियम धातु पायी जाती है। महाद्वीपों की भू-पर्पटी में सिलिका एवं ऐलुमिना जैसे खनिज प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। इसलिए इस परत को सिएल (Si + Al) कहते हैं।

पर्पटी के ठीक नीचे मैंटल परत होती है जो 2900 किलोमीटर की गहराई तक फैला होता है। यह सिलिकेट चट्टानों से बना है। इसकी सबसे आन्तरिक परत क्रोड है जो मुख्यतः निकल (Ni) एवं लोहे की बनी है तथा इसे निफे (Ni + Fe) कहते हैं।

**5. (a)**

पृथ्वी के जलीय भाग को जल मण्डल कहा जाता है जिसमें सागर, नदियां तथा महासागर शामिल होते हैं। पृथ्वी के लगभग $\frac{3}{4}$ भाग पर जल मण्डल स्थित है परन्तु महासागर का विस्तार $\frac{2}{3}$ भाग पर है।

**6. (c)**

भारत का सबसे पुराना पहाड़ अरावली है। यह पर्वत श्रेणी गुजरात के पालन से लेकर राजस्थान एवं हरियाणा से होकर दिल्ली तक लगभग 800 किमी. की लम्बाई में फैली है। अरावली श्रेणी का निर्माण प्री कैम्ब्रियन काल में हुआ था जो 600 से 570 मिलियन वर्ष पूर्व तक माना जाता है। यह भारत की ही नहीं विश्व की सबसे प्राचीनतम पर्वत शृखंलाओं में से एक है। इसकी सर्वोच्च चोटी गुरू शिखर (1722 मी.) है। यह माउण्ट आबू पर्वत पर स्थित है।

**7. (d)**

कर्नाटक, केरल, गुजरात, महाराष्ट्र भारत के प्रमुख राज्य हैं जो अरब सागर के समुद्र तट पर स्थित हैं।

**8.** (d)

रेड डाटा बुक IUCN अन्तर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा जारी किया जाता है। इस बुक में विलुप्त हो रहे जीव, सुभेद्य जीव, आपत्तिग्रस्त जीव को सम्मिलित किया जाता है। रेड डाटा बुक (Red Data Book) पौधों तथा जन्तुओं के लिए अलग-अलग जारी किये जाते हैं।

दुनिया की प्रथम रेड डाटा बुक 1 जनवरी 1972 को प्रकाशित हुई थी। अब तक कुल 5 रेड डाटा बुक प्रकाशित हो चुकी है। जो कि निम्न प्रकार से है–

1. प्रथम बुक – स्तनधारी
2. दूसरी बुक – पक्षी
3. तीसरी बुक – मरुस्थलीय उभयचर
4. चौथी बुक – मछलियाँ
5. पाँचवी बुक – पौधे-वनस्पति

**9. (d)**

भारत के मध्य प्रदेश राज्य के भोपाल शहर में 3 दिसम्बर सन् 1984 को एक भयानक औद्योगिक दुर्घटना हुई। इसे भोपाल गैस कांड, या भोपाल गैस त्रासदी के नाम से जाना जाता है। भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड नामक कंपनी के कारखाने से एक जहरीली गैस का रिसाव हुआ जिससे लगभग 15000 से अधिक लोगों की जान चली गई तथा बहुत सारे लोग अपंगता से लेकर अंधेपन के भी शिकार हुए। भोपाल गैस काण्ड में मिथाइल आइसोसायनेट (mic) ($CH_3NCO$) नामक जहरीली गैस का रिसाव हुआ था। क्लोरोफ्लोरो कार्बन, कार्बन डाईऑक्साइड, नाईट्रस ऑक्साइड तीनों ही ग्रीन हाउस गैसें हैं।

**10. (d)**

हरित गृह प्रभाव के कारण सूर्य की किरणें वायुमण्डलीय परत को पार नहीं कर पाती है परिणामस्वरूप यह किरणें पुनः पृथ्वी पर आ जाती है और अवरक्त किरण (Infrared Ray) जैसा व्यवहार करती है तथा इस प्रकार पृथ्वी पर इन्फ्रारेड रेडिएशन में वृद्धि होती है।

**11. (d)**

स्मोग धुआँ और कोहरा का संयोजन है। जब गाड़ियों एवं औद्योगिक कारखानों द्वारा उत्सर्जित धुएं में उपस्थित राख, गंधक व अन्य हानिकारक रसायन जब कुहरे के साथ मिश्रित होते हैं, तब धूम कोहरे का निर्माण होता है। ज्ञातव्य हो कि दिल्ली एवं आस-पास के क्षेत्रों में स्मॉग की समस्या बढ़ रही है। जिसका सबसे बड़ा कारण कृषि क्षेत्र में बढ़ते हार्वेस्टर के प्रयोग को माना गया है। क्योंकि इसके प्रयोग के बाद बचे 'पराली' (पुआल) को जलाने से बड़ी मात्रा में निकलने वाले धुएँ के कण दिल्ली के आसपास के वातावरण को प्रभावित कर रहे हैं। धूम कोहरे के कारण साँस लेने में कठिनाई वाले रोग, जैसे-दमा, खाँसी तथा बच्चों में साँस के साथ हरहराहट उत्पन्न हो जाते हैं।

**12. (b)**

उत्तर प्रदेश के चन्दौली जिले में **चन्द्रप्रभा वन्य जीव अभ्यारण्य** स्थित है। चन्द्रप्रभा वन्य जीव अभ्यारण्य की स्थापना **1957** में हुई थी। इस अभ्यारण्य में विभिन्न प्रकार के जीव जन्तु पाये जाते हैं।

**13.(b)**

1 से 7 जुलाई तक भारत में वन महोत्सव मनाया जाता है। वन महोत्सव 1952 से देश के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में भी 01 जुलाई से 07 जुलाई तक मनाया जाता है।

**14. (c)**

सर हीरालाल जेकिसुनदास कानिया भारत के प्रथम मुख्य न्यायाधीश (26 जनवरी 1950 से 6 नवम्बर 1951) थे।

**15. (d)**

यूप्लेक्टेला पोरीफेरा संघ का जन्तु है। ये अचल जीव है जो चलने में सक्षम नहीं होते तथा किसी दृढ़ आधार से चिपके रहते हैं। इसे वीनस की फूलों की टोकरी कहते हैं।

**16. (c)**

पत्तियों में हरा रंग क्लोरोफिल (Chlorophyll) की उपस्थिति के कारण होता है। क्लोरोफिल एक प्रोटीन युक्त जटिल रासायनिक यौगिक है। यह वर्णक पत्तों के हरे रंग का कारण है। यह प्रकाश संश्लेषण का मुख्य वर्णक है। इसे फोटोसिन्थेटिक पिगमेंट भी कहते

हैं। इसका गठन कार्बन, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन तथा मैग्नीशियम तत्वों से होता है।

**17. (a)**

रक्त की जाँच करते समय अगर लाल रूधिर कणिकाओं में मलेरिया परजीवी (प्लाज्मोडियम) पाया जाता है तो मलेरिया होता है। मलेरिया मादा मच्छर (एनोफिलीज) से फैलता है।

**18. (b)**

B.C.G (बैसिलस कैलेमिटि ग्यूरीन) का टीका क्षय रोग की रोकथाम के लिये दिया जाता है। टी.बी. (क्षय) रोग के लिए माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु उत्तरदायी होता है।

**19. (c)**

यूनाइटेड किंग्डम में लचीला संविधान लागू है। यूनाइटेड किंग्डम का संविधान प्रकृति में लचीला है और उसे आसानी से संशोधित किया जा सकता है। वहाँ सामान्य कानून और संवैधानिक कानून में अंतर नहीं किया जाता अर्थात संशोधन उसी सामान्य संसदीय प्रक्रिया से हो जाते हैं जिससे सामान्य कानून बनाये जाते हैं। भारत का संविधान कठोर तथा लचीला दोनों है।

**20. (a)**

सत्यार्थ प्रकाश के लेखक स्वामी दयानन्द सरस्वती थे। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 1875 ई. को बम्बई में आर्य समाज की स्थापना की थी तथा इनका प्रसिद्ध वाक्य था–**'वेदों की ओर लौटो'।**

**21. (c)**

नगर निगम सर्वोच्च शहरी स्थानीय व्यवस्था है। प्रायः पाँच लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहर में नगर निगम बनता है। हर नगर निगम का एक अध्यक्ष होता है। जिसे मेयर या महापौर कहते हैं। नगर निगम शहर में निजी मकान या जमीन पर गृह कर लगाती है। नगर निगम चुंगी कर भी लगा सकती है। इन करों के अलावा किसी भी मनोरंजन पर टैक्स या कर ले सकती है, जैसे– फिल्म, प्रदर्शनी, सर्कस, नौटंकी आदि पर।

**22. (b)**

कान्हा राष्ट्रीय उद्यान भारत के म.प्र. राज्य में स्थित है। कान्हा नेशनल पार्क की स्थापना वर्ष 1955 में हुई थी और तब से यहाँ पर कई लुप्तप्राय प्रजातियों को संरक्षित किया गया है। 1974 में कान्हा राष्ट्रीय उद्यान को 'प्रोजेक्ट टाइगर रिजर्व' के तहत लिया गया था। यह दलदली हिरण की दुर्लभ और लगभग विलुप्त प्रजातियों का संरक्षित क्षेत्र है। दलदली हिरण को बारहसिंहा के रूप में जाना जाता है। काला हिरण (कृष्ण मृग) भी कान्हा राष्ट्रीय उद्यान में निवास करते है। जबकि तमिलनाडु में वेदान्तगल राष्ट्रीय उद्यान, मुदुमलै राष्ट्रीय उद्यान, इंदिरागाँधी राष्ट्रीय उद्यान है। पश्चिम बंगाल में सुन्दर राष्ट्रीय उद्यान तथा गुजरात में गिर और नल सरोवर राष्ट्रीय उद्यान है।

**23. (c)**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद संयुक्त राष्ट्र संघ का मुख्य अंग है और एक प्रकार से संयुक्त राष्ट्र संघ की कार्यपालिका है। इसमें 15 सदस्य होते है जिसमें 10 अस्थायी तथा 5 स्थायी सदस्य है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 5 स्थायी सदस्य निम्न है - अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन।

**24. (b)**

मूल संविधान में कुल 7 मूल अधिकार प्रदान किए गये थे। वर्तमान में केवल 6 मूल अधिकार ही हैं। 44वें संविधान संशोधन, 1978 द्वारा संपत्ति के मूल अधिकार को हटाकर अनुच्छेद-300(क) में कानूनी अधिकार बना दिया गया है। संविधान के भाग-III में अनुच्छेद 12-35 तक मूल अधिकारों का उल्लेख है।

**25. (c)**

ओजोन परत समताप मंडल के निचले हिस्से में पृथ्वी से लगभग 10 से 50 किमी. की ऊँचाई पर स्थित है, परंतु परत के रूप में इसका सर्वाधिक संकेन्द्रण 15 से 30 किमी. के मध्य ही पाया जाता है। यह परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है।

**26. (c)**

अमोनिया $NH_3$ फॉर्मेल्डिहाइड की संघनन अभिक्रिया द्वारा यूरोट्रोपिन बनता है। यह एक हेट्रोसाइक्लिक यौगिक है। इसका रासायनिक सूत्र $C_6H_{12}N_4$ है। यूरोट्रोपिन एक सफेद क्रिस्टलीय यौगिक है, जो कि जल में अत्याधिक घुलनशील होता है। इसका उपयोग मूत्र विकार के उपचार में किया जाता है।

**27. (c)**

मनुष्य में एनीमिया (रक्ताल्पता) का प्रमुख कारण लौह तत्व (आयरन) की कमी है जिसके कारण रक्त में लाल कोशिकाओं या हीमोग्लोबिन की कमी हो जाती है।

**28. (b)**

| होने वाला रोग | विटामिन |
|---|---|
| बेरी-बेरी | $B_1$ |
| स्कर्वी | C |
| रिकेट्स | D |
| पेलाग्रा | $B_3$ |

**29. (c)**

पर्यावरण को अजैविक (भौतिक), जैविक एवं ऊर्जा संघटकों में मुख्य तौर पर विभाजित किया जा सकता है। भौतिक संघटक के सामान्य रूप से स्थलमंडल, वायुमंडल तथा जलमंडल को सम्मिलित किया जाता है। इन्हें क्रमशः मृदा, वायु तथा जल संघटक भी कहा जाता है। जैविक घटक के अंतर्गत पादप, मनुष्य समेत जंतु तथा सूक्ष्मजीव सम्मिलित होते हैं। सौर ऊर्जा एवं भूतापीय ऊर्जा को ऊर्जा संघटक के अंतर्गत सम्मिलित करते हैं।

**30. (b)**

कृषि भूमि जैसे- धान का खेत मानव निर्मित पारिस्थितिक तंत्र है, इन्हें कृत्रिम पारिस्थितिक तंत्र भी कहते है, जबकि तालाब, घास के मैदान, वन, महासागर आदि प्राकृतिक पारिस्थितिक तंत्र के उदाहरण है।

# PRACTICE SET - 4

**1. निम्नलिखित में से कौन-सा जैवमंडल का अजैविक घटक नहीं है?**
(a) प्रोटीन
(b) मृदा
(c) कवक
(d) फॉस्फोरस

**2. पर्यावरण के अन्तर्गत आते हैं-**
(a) पेड़-पौधे, जीव-जन्तु
(b) रिश्ते-नाते, संस्कृति
(c) मकान, सड़कें, पूजा स्थल
(d) उपरोक्त सभी

**3. टाइटन किस ग्रह का प्राकृतिक उपग्रह है?**
(a) वरुण
(b) बुध
(c) शनि
(d) शुक्र

**4. निम्नलिखित में से कौन-सा आग्नेय शैल नहीं है?**
(a) डोलोमाइट
(b) ग्रेनाइट
(c) बेसाल्ट
(d) ग्रेबो

**5. समुद्र का कितना प्रतिशत जल पीने योग्य है?**
(a) 97.2%
(b) 2.15%
(c) 0.065%
(d) 0.0%

**6. आर्कटिक मरुस्थल किसका दूसरा नाम है?**
(a) टुण्ड्रा
(b) सवाना
(c) टैगा
(d) स्टेपीज

**7. हमारे देश के मानचित्र में झारखण्ड कहाँ स्थित है?**
(a) पश्चिम बंगाल के पूर्व में
(b) ओडिशा के उत्तर में
(c) छत्तीसगढ़ के दक्षिण-पूर्व में
(d) उत्तर प्रदेश के पश्चिम में

**8. अभ्यारण्य का संबंध निम्न में से किससे है?**
(a) ऊर्जा संरक्षण
(b) जल संरक्षण
(c) वन्य जीव संरक्षण
(d) डॉल्फीन संरक्षण

**9. भू-मण्डलीय तापन का कारण है-**
(a) हिमनदों में वृद्धि
(b) कार्बन डाईऑक्साइड में वृद्धि
(c) कार्बन डाईऑक्साइड में कमी
(d) वनों में वृद्धि

**10. शारदा एक्ट का सम्बन्ध निम्न में से किससे है?**
(a) बाल-विवाह
(b) दहेज प्रथा
(c) बालश्रम
(d) अनिवार्य शिक्षा

**11. ओजोन परत के क्षरण के कारण क्या होता है?**
(a) स्तन कैंसर
(b) त्वचा कैंसर
(c) फेफड़ों का कैंसर
(d) रक्त कैंसर

**12. किस राष्ट्रीय उद्यान को पूर्व में 'हेली राष्ट्रीय उद्यान' कहा जाता था?**
(a) जिम कार्बेट राष्ट्रीय उद्यान
(b) राजाजी राष्ट्रीय उद्यान
(c) दुधवा राष्ट्रीय उद्यान
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**13. 'वन्य प्राणी सप्ताह' प्रतिवर्ष मनाया जाता है-**
(a) नवम्बर के प्रथम सप्ताह में
(b) अगस्त के प्रथम सप्ताह में
(c) अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में
(d) जुलाई के प्रथम सप्ताह में

**14. 'वर्षा–जल संग्रहण' क्या है?**
(a) प्रयुक्त जल का संग्रह और भण्डारण
(b) वर्षा–जल का जमाव और भण्डारण
(c) पानी का वितरण
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**15. प्रोटीन अणुओं की इकाई है–**
(a) वसा अम्ल
(b) अमीनो अम्ल
(c) विटामिन
(d) ग्लूकोज

**16. प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया में सम्मिलित गैस है-**
(a) ओजोन
(b) ऑक्सीजन
(c) हाइड्रोजन
(d) कार्बन डाइऑक्साइड

**17. निम्नलिखित में से कौन-से शब्द-समूह आपस में निकटतम रूप से सम्बन्धित है?**
(a) लौह, मलेरिया, अनीमिया, रक्त
(b) लौह, हीमोग्लोबिन, अनीमिया, आँवला
(c) मच्छर, डेंगू, लौह, गुड़
(d) मच्छर, मलेरिया, अनीमिया (रक्त-अल्पत्ता)

**18. मस्तिष्क ज्वर नामक रोग निम्नलिखित में से किसके कारण होता है?**
(a) मक्खियाँ
(b) मच्छर
(c) वायरस
(d) तिलचट्टे

**19. भारत में महिलाओं के लिये आरक्षण की व्यवस्था कहाँ है?**
(a) विधान सभा में
(b) मंत्रिमण्डल में
(c) पंचायती राज संस्थाओं में
(d) लोक सभा में

**20. ब्रेल लिपि में, मोटे कागज पर उभरे हुए बिन्दु बने होते हैं। यह लिपि आधारित होती है-**
(a) 6 बिन्दुओं पर
(b) 8 बिन्दुओं पर
(c) 10 बिन्दुओं पर
(d) 4 बिन्दुओं पर

**21. निम्नलिखित में से किसमें क्लोरोफिल पाया जाता है?**
(a) युग्लीना में
(b) हाइड्रा में
(c) जेलिफ़िश में
(d) साईकान में

**22. लखनऊ समझौता (1916) किन दो के मध्य हुआ था?**
(a) ब्रिटिश व भारतीयों के मध्य
(b) हिन्दू व मुस्लिम के मध्य
(c) कांग्रेस व मुस्लिम लीग के मध्य
(d) नरम दल व गरम दल के मध्य

**23. दिन और रात होने का प्रमुख कारण है-**
(a) सूर्य का अपनी धुरी पर घूमना
(b) चन्द्रमा का अपनी धुरी पर घूमना
(c) पृथ्वी का अपनी धुरी पर घूमना
(d) उपरोक्त सभी

**24. राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा में कितने सदस्य मनोनीत होते हैं?**
(a) 12 (b) 18
(c) 20 (d) 22

**25. 'संरक्षण या विनाश' पुस्तक के लेखक हैं-**
(a) सरला बहन
(b) वन्दना शिवा
(c) जिम कार्बेट
(d) रस्किन बॉण्ड

**26. प्रदूषण मुक्त पर्यावरण बनाने के लिए बच्चों को किस बात को जानना सबसे अधिक आवश्यक है?**
(a) अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखना
(b) तालाब /सरोवर को दूषित होने से बचाना
(c) अधिक से अधिक पेड़ लगाना
(d) उपरोक्त सभी

**27. पर्यावरण अध्ययन के अध्ययन में कविताओं तथा कहानियों का प्रयोग निम्न में से किसमें सहायता करता है?**
(a) भाषा का ज्ञान
(b) सांस्कृतिक विविधता का ज्ञान
(c) विषय को रोचक बनाने में
(d) कल्पना करने की योग्यता को बढ़ाने में

**28. पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम की अपेक्षायें निम्न में से कौन-सी हैं?**
(a) अवधारणायें
(b) कौशल एवं जानकारी
(c) आदत व नैतिक मूल्य
(d) उपरोक्त सभी

**29. पर्यावरण अध्ययन की कक्षा में शिक्षिका ने अदरक को तना कहा, क्योंकि–**
(a) इसका स्वाद तीखा होता है
(b) इसमें पर्व और पर्व संधियाँ होती है
(c) इसमें भोजन का संग्रह होता है
(d) इसका रंग हरा नहीं है

**30. उत्तर प्रदेश का राज्य पक्षी है–**
(a) मोर
(b) गौरैया
(c) तोता
(d) सारस क्रेन

# SOLUTION : PRACTICE SET- 4

## ANSWER KEY

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (c) | 4. (a) | 7. (b) | 10. (a) | 13. (c) | 16. (d) | 19. (c) | 22. (c) | 25. (a) | 28. (d) |
| 2. (d) | 5. (c) | 8. (c) | 11. (b) | 14. (b) | 17. (b) | 20. (a) | 23. (c) | 26. (d) | 29. (b) |
| 3. (c) | 6. (a) | 9. (b) | 12. (a) | 15. (b) | 18. (b) | 21. (a) | 24. (a) | 27. (d) | 30. (d) |